पंजाब केसरी 10/02/2024

जी.एम.एन. कालेज में जल संरक्षण बारे छात्रों को किया जागरूक

जी.एम.एन. कालेज में आयोजित नुक्कड़ नाटक में भाग लेते कलाकार। (देवदत्त)

अम्बाला, 9 फरवरी (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, इंडियन रिसर्च एंड डिवैल्पमैंट एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में विज्ञान आधारित नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में हुए इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों को पानी के महत्व के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के संयोजक डा. राकेश कुमार ने कहा कि जल ही जीवन है, क्योंकि जल के बिना जीवन संभव नहीं है और न ही इसका कोई विकल्प है। जल पृथ्वी पर सभी प्राणियों के लिए अमृत के समान है। जल के बिना पृथ्वी पर जीवन की कल्पना तक नहीं की जा सकती।

उन्होंने कहा कि यह आज के वक्त की मांग है कि हर एक व्यक्ति को पानी के संरक्षण और संतुलन को बहाल करने के लिए प्रयासरत रहना होगा। जैसे हमारे जीवन की हर एक सांस अमूल्य है, वैसे ही जल भी अमूल्य है।